Regarding implementation of Pradhan Mantri Vishwakarma Yojana in Uttar Pradesh-Laid

श्री देवेश शाक्य (एटा) **:** क्या माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में यह देखा गया है कि इस योजना के अंतर्गत जो जिलेवार विशेषज्ञ बनाए गए हैं, वह न तो जो नियम है उसके आधार पर बनाए गए हैं, ना ही जिस जाति के लिए यह योजना है, उस जाति के हैं । तो वह इस योजना के लाभार्थियों को चिन्हित कैसे कर सकते हैं? इस संबंध में लाभार्थियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए देश के साथ साथ विशेषकर उत्तर प्रदेश के जनपद कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज एवं फर्रुखाबाद में विशेषज्ञों को बनाने में तयशुदा मानको को पूरा किया गया है क्या? यदि हाँ तो ब्यौरा क्या है? यदि नहीं तो इसमें दोषियों के खिलाफ़ कोई कार्रवाई की गई है?